रजिस्टर्ड सं. डी-(डी एन)-128/89

REGISTERED No. D—(DN)—128/89



भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 23, 1989 (पौष 2, 1911)

No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 23, 1989 (PAUSA 2, 1911)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों, संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	821
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1287
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1769
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	—
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	—
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	—
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	—
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल हैं) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	—
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	—
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1133
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	1207
भाग III—अखण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1841
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	183
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को निभाने वाली अनुपूरक	

*आंकड़े प्राप्त नहीं

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	821
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, leave etc. of Government Officers Issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1287
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1769
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1133
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	1207
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1841
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	183
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio (s) not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 7 दिसम्बर 1989

सं० 93-प्रेज/89—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति, का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री राम नन्दन शर्मा,

पुलिस उप-निरीक्षक,

गिरिडीह,

बिहार ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

18 जुलाई, 1988 को लगभग, 4.00 बजे शाम को तनुघाट गोमिया मार्ग पर दिन दहाड़े लूटपाट की गई, जिसमें लूटपाट करने के उपरान्त तीन अपराधी लूटी हुई मोटर साईकिल पर सवार होकर भाग निकले। स्थानीय लोगों द्वारा मचाए गए शोर को सुनकर अपराधियों ने मोटर साईकिल को वहीं छोड़ दिया तथा निकट के क्षेत्र में शरण ले ली। बाद में इस बात का पता चला कि अपराधी धर्मासिन्ध गांव के एक मकान में छुपे हुए हैं तथा ग्राम वासियों द्वारा ललकारे जाने पर उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चलाई और गांव से भाग निकले। उस समय तक पुलिस ने उस पूरे क्षेत्र को घेर लिया था तथा अपराधियों को खोज रही थी जिनका हुलिया पुलिस को दे दिया गया था। उप-निरीक्षक राम नन्दन शर्मा और कान्सटेबल सुलेमान ने अचानक तनुघाट बैरेज रोड पर हुलिए से मेल खाता एक व्यक्ति देखा जोकि स्वयं को छुपाने का प्रयास कर रहा था। ललकारे जाने पर अज्ञात व्यक्ति ने भागना शुरू कर दिया। उप-निरीक्षक राम नन्दन शर्मा भी अपराधी के पीछे भागे। पीछा किये जाने के दौरान अपराधी अचानक रुक गया, पीछे मुड़ा और श्री राम नन्दन शर्मा पर गोलियां चलाईं, जिससे उनकी छाती जांघ और गुप्तांगों में गहरे घाव हो गए। निर्भीक श्री राम नन्दन शर्मा ने अपना सर्विस रिवाल्वर निकाला और अपराधी पर तीन गोलियां चलाकर उसे घटना स्थल पर ही मार डाला। अपराधी की राजू उर्फ अनिल कुमार जायसवाल के रूप में शिनाख्त हुई, जिसके विरुद्ध एक पुलिस हवालदार की हत्या के मामले सहित हत्या/लूटपाट के कई मामले लम्बित थे। मृतक अपराधी से .32 बोर का इंग्लैण्ड में बना वेबली और स्काट रिवाल्वर बरामद किया गया। श्री राम नन्दन शर्मा को तब बोकारो जनरल अस्पताल और फिर नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज के लिए ले जाया गया।

इस मुठभेड़ में श्री राम नन्दन शर्मा, पुलिस उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 जुलाई, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 94-प्रेज/89—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम तथा पद:

श्री पारस नाथ सिंह,

कान्सटेबल सं० 294,

जिला सिवान,

बिहार ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

15 अप्रैल, 1985 को पुलिस स्टेशन मैरवा, जिला सिवान, के प्रभारी अधिकारी को सूचना मिली कि जिला बलिया का डाकू बली राम पाण्डेय अपने साथियों सहित ग्राम बरका भाटी के नन्द किशोर दूबे नामक व्यक्ति के घर में छुपा हुआ है तथा ग्राम सिवालापुर के श्री पूजा सिंह के घर में डाका डालने की योजना बना रहा है। पुलिस स्टेशन मैरवा के प्रभारी अधिकारी ने तुरन्त एक सहायक पुलिस उप-निरीक्षक, कान्स्टेबल पारस नाथ सिंह और नौ अन्य पुलिस कार्मिकों के सहित एक छापामार दल का गठन किया और डाकुओं के छुपने के स्थान की ओर रवाना हुए।

जब पुलिस दल श्री दूबे के घर के निकट पहुंचा तो गृहस्वामी ने पुलिस कार्मिकों को देखते ही दरवाजा अन्दर से बंद कर दिया। पुलिस दल समय गंवाए बिना दरवाजा तोड़ कर घर में दाखिल हो गया। पुलिस के अचानक आ जाने से घर में छुपा हुआ डाकुओं का गिरोह पूरी तरह निरुत्साहित हो गया। डाकुओं ने गोली चला दी जिससे प्रभारी अधिकारी घायल हो गए और अपने जवानों को स्थिति संभालने तथा जवाब में गोली चलाने का आदेश दिया। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलियां चलती रहीं और इस दौरान एक डाकू अच्छेलाल सहायक पुलिस उप-निरीक्षक से बन्दूक छीनने में सफल हो गया। यह देखकर कान्स्टेबल पारस नाथ सिंह जोकि छर्रों से घायल हो गए थे, ने असाधारण साहस और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया और आगे बढ़कर अपनी मस्कट से गोली चलाई जिससे डाकू अच्छेलाल घायल हो गया और घायल होने के कारण घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। कान्स्टेबल पारस नाथ सिंह के इस साहसिक कार्य से ही सहायक पुलिस उप-निरीक्षक की जान बची और उसकी बन्दूक बरामद हुई। प्रभारी अधिकारी ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से डाकुओं के गिरोह के सरगना डाकू बली राम पाण्डेय को पांच गोलियां मार कर उस पर काबू पा लिया। डाकू बली राम पाण्डेय और अच्छेलाल के कब्जे से एक देसी बन्दूक तथा 15 कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री पारस नाथ सिंह कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 अप्रैल, 1985 से दिया जाएगा।

सं० 95-प्रेज०-89—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री मिथिलेश कुमार,
पुलिस निरीक्षक,
जामतारा सर्किल,
जिला दुमका,
बिहार ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

8/9 मई, 1988 की रात को लगभग 3.30 बजे निरीक्षक मिथिलेश कुमार ने जामतारा पुलिस स्टेशन के चौकीदार महाधर को लघु सिंचाई विभाग जामतारा के गोदाम में एक डकैती डाले जाने के बारे में जोर से चिल्लाते हुए सुना। वे तुरन्त जीप में पुलिस स्टेशन की तरफ रवाना हुए और वहां से चार सशस्त्र कान्स्टेबलों को साथ लेकर घटना-स्थल पर पहुंचे। उन्होंने एक ट्रक को गोदाम से बाहर निकलते हुए देखा, जिसमें कुछ आदमी बैठे थे। ट्रक के चालक को रुकने का संकेत दिया गया परन्तु वह उसे जामतारा दुमका रोड की ओर आगे ले गया। श्री मिथिलेश कुमार ने जो खुद जीप चला रहे थे, ट्रक का पीछा करना शुरू किया। जब उन्होंने ट्रक के आगे आने की कोशिश की तो वह ट्रक को सड़क के दोनों ओर घुमाते हुए चलाने लगा। निरीक्षक को अपना पीछा करने से रोकने के लिए एक अपराधी ने ट्रक से उन पर गोली चला दी। जब अपराधी ने देखा कि पुलिस की जीप ट्रक का पीछा करना नहीं छोड़ रही है तो उसने बागदाह मोड़ के पास जीप पर और गोलियां चलाईं। श्री मिथिलेश कुमार ने भी जवाब में अपनी रिवाल्वर से गोली चलाई। ट्रक नाला फतेहपुर रोड की ओर मुड़ गया। ट्रक चालक मार्ग से पूरी तरह अवगत नहीं था और अपराधी पुलिस जीप को अपने पीछे आते देखकर हतोत्साहित हो रहे थे। चालक ने ट्रक को फतेहपुर बाह्य चौकी की ओर मोड़ दिया परन्तु वह फतेहपुर बाजार चौक से आगे नहीं जा सका। अपराधियों ने पुलिस जीप पर कुछ और गोलियां चलाने के बाद ट्रक से भाग निकलने की कोशिश की परन्तु श्री मिथिलेश कुमार ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से उन पर दुबारा गोली चलाई। अपराधियों और पुलिस दल के बीच कुछ देर तक गोली बारी होती रही। तब भी अपराधियों ने आत्म समर्पण नहीं किया और अपराधियों और पुलिस दल के बीच हाथापाई के दौरान सोलह अपराधियों को दबोच लिया गया। लगभग 4-5 अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये।

दो अपराधियों को गोली बारी के दौरान चोटें आईं तथा एक अपराधी को हाथापाई के दौरान चोट लगी। दो कान्स्टेबल भी घायल हुए ट्रक की जांच करने पर पाया गया कि इसमें एक लाख रुपये, मूल्य के जी० आई० पाईप के 48 पीस लदे हुए थे।

इस मुठभेड़ में श्री मिथिलेश कुमार, पुलिस निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9 मई, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 96-प्रेज०-89—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री माल सिंह,
निरीक्षक सं० 680413552,
12 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री अब्दुल रहमान,
लांस नायक सं० 710121244,
12 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री सुरेश काम्बले,
कान्स्टेबल सं० 800643597,
12वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

11 जनवरी, 1988 को 12वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, रायां, जिला अमृतसर के मुख्यालय को सूचना प्राप्त हुई कि खूंखार आतंकवादी गुरबचन सिंह मनोचाहल अपने साथियों समेत, गांव बट के नजदीक पूरण सिंह के फार्म हाउस में छिपा हुआ है। 12 वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक कमाण्डेन्ट तीन टुकड़ियों के साथ (निरीक्षक माल सिंह, लांसनायक अब्दुल रहमान तथा कान्स्टेबल सुरेश काम्बलेसमेत) उनके छिपने के स्थान की ओर तेजी से रवाना हुए। रास्ते में थाना जंडियाला के थानेदार तथा पुलिस के कुछ जवान भी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिल गए। पूरण सिंह का फार्म हाउस गांव बट से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर एक सिंचाई नाले के पास खुले खेत में है। रहस्य बनाए रखने के लिए पुलिस वाहनों को बट गांव के पास रोक दिया गया था। पुलिस बल को फार्म हाउस को घेरने के लिए चार समूहों में बांटा गया। पहले समूह, जिसमें निरीक्षक माल सिंह, लांस नायक अब्दुल रहमान तथा कान्स्टेबल सुरेश काम्बले थे, को दांयी ओर से आगे बढ़ने तथा नाले के किनारे पर मोर्चा संभालने और विच्छेदी समूह के रूप में काम करने के लिए तैनात किया गया। अन्य समूहों ने पहले समूह का अनुसरण किया। पुलिस बल को देखते ही आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से तुरन्त गोलियां चलायीं और नाले की तरफ भागे। समझा जाता है कि घोड़े पर सवार होकर भागने वाला पहला व्यक्ति गुरबचन सिंह मनोचाहल था। शेष भागते हुए पांच आतंकवादी पुलिस दल पर गोलियां चलाते रहे। पुलिस दल ने तुरन्त जवाब में गोली चलायी और भागते हुए आतंकवादियों का पीछा किया। इसी दौरान आतंकवादियों ने नाले को पार किया और खड़ी फसल का फायदा उठाते हुए गांव मानचेरी की ओर भाग गए। निरीक्षक माल सिंह, लांसनायक अब्दुल रहमान तथा कान्स्टेबल सुरेश काम्बले नाला पार करने वाले पहले व्यक्ति थे जिन्होंने आतंकवादियों का सरगर्मी से पीछा किया। भागते हुए आतंकवादियों ने पीछे मुड़कर पुलिस दल पर गोलियां चलाईं। निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए निडर होकर उन्होंने उनका पीछा करना जारी रखा। तीन आतंकवादी गांव मानचेरी की तरफ भाग गए जबकि दो ने खेतों में मोर्चा संभाला। एक आतंकवादी ने फसल में से अचानक उठकर निरीक्षक माल सिंह तथा कान्स्टेबल सुरेश काम्बले की ओर 8-10 राउण्ड गोलियों की बौछार कर दी भाग्यवश उन्हें कोई गोली नहीं लगी, यद्यपि, वे पूरी तरह से गोलियों की रेंज में तथा सामने थे। आतंकवादियों को पुनः गोली चलाने का मौका दिए बिना सर्वश्री माल सिंह तथा सुरेश काम्बले ने आतंकवादी पर इकट्ठे गोलियां चलायी और उसे मार गिराया।

इसी दौरान लांस नायक अब्दुल रहमान ने दूसरे आतंकवादी को देखा और उसका पीछा किया। आतंकवादी ने स्थिति संभालने के बाद एक ग्रिनेड फेंका जो लांस नायक अब्दुल रहमान से लगभग 20 गज की दूरी पर फटा। उन्होंने बिजली की सी तेजी से मोर्चा संभाला और अपने आपको बचा लिया। श्री अब्दुल रहमान संकरे नाले में से लगभग 30-35 गज रेंग कर आगे बढ़े और उन्होंने आतंकवादी की ओर एच० ई० 36 हथगोला फेंका। उन्होंने आतंकवादी पर कुछ गोलियां भी चलायीं जिसके परिणाम स्वरूप वह घटनास्थल पर ही मारा गया। मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादियों की बाद में शिनाख्त होने पर पता चला कि कि वे दया सिंह तथा बलबीर सिंह थे जिनकी पुलिस को अनेक जघन्य अपराधों में शामिल होने के जुर्म में तलाश थी।

इस मुठभेड़ में श्री माल सिंह, निरीक्षक, श्री अब्दुल रहमान, लांस नायक और श्री सुरेश काम्बले, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस, तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 11 जनवरी, 1988 से दिया जायेगा।

सं० 97-प्रेज/89—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री दया राम,
लांस नायक संख्या 690242953
24वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री सुरेश प्रसाद सिंह,
कान्स्टेबल संख्या 850841415,
24वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

7 दिसम्बर, 1987 को एक गश्ती दल, जिसका नेतृत्व निरीक्षक, बी० एस० बिष्ट, 24वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कर रहे थे, पुलिस दल (लांस नायक दया राम और कान्स्टेबल सुरेश प्रसाद सिंह समेत) को साथ लेकर, हर्षछीना, बग्गा खुर्द झनज्योत्ति, तुलानगल तथा बरनाली गांवों की जांच करने गया । जब पुलिस दल लाहौरी केनाल रोड, पर बग्गा गांव के नजदीक पहुचा तो उन्हें तीन व्यक्ति विपरीत दिशा से आते हुए दिखाई दिए। पुलिस जीप को आते हुए देखकर उन्होंने विभिन्न दिशाओं में भागना शुरू कर दिया। सभी पुलिस कर्मियों ने जीप से कूदकर संदिग्ध व्यक्तियों के पीछे भागना शुरू कर दिया। लांस नायक दया राम और कान्स्टेबल सुरेश प्रसाद सिंह ने तीन अन्यों के साथ दो आतंकवादियों का पीछा किया जो शिना शाहबाजपुर गांव की ओर जा रहे थे जबकि एक कान्स्टेबल को साथ लेकर निरीक्षक ने तीसरे आतंकवादी का पीछा किया जो तुलानगल गांव की ओर नहर के साथ-साथ भाग रहा था । आतंकवादी अपने साथ अपने हथियार लाए हुए थे जिन्हें उन्होंने शाल के अन्दर छिपा रखा था और उन्होंने पुलिस दल पर गोली चलानी शुरू कर दी । लांस नायक दया राम ने अपने दल के साथ आतंकवादियों का पीछा करना जारी रखा जिसके परिणामस्वरूप रुक-रुक कर गोलाबारी होती रही। भागते हुए आतंकवादियों में से एक शिबा शाहबाज पुर गांव में घुस गया और अन्य खाली खेतों की ओर भागे । लांस नायक दया राम और कान्स्टेबल सुरेश प्रसाद सिंह ने उस आतंकवादी का पीछा किया जो गांव में घुसा था । शेष पुलिस कर्मिकों ने दूसरे आतंकवादी का पीछा किया।

गांव में घुसे आतंकवादी ने एक मकान की चार दीवारी के पीछे से पुलिस दल पर अपनी स्टेनगन से गोली चलानी शुरू कर दी। सर्व श्री दयाराम और सुरेश प्रसाद सिंह ने अपने आप को प्राकृतिक आड़ में छिपा लिया। जब वे उस स्थान पर पहुचे जहां से वे आतंकवादी को कारगर ढंग से रोक सकते थे तो तब श्री दयाराम ने कान्स्टेबल सुरेश प्रसाद सिंह को आतंकवादी को उसके छुपने के स्थान से बाहर निकालने के लिए विपरीत दिशा से घर में प्रवेश करने का आदेश दिया। इस बीच लगातार गोली चलाकर उसने आतंकवादी को रोके रखा । इससे कान्स्टेबल सुरेश प्रसाद सिंह को उस घर तक, बिना दिखे पहुंचने में आसानी हुई। जैसे ही उन्होंने चार दीवारी को पार किया आतंकवादी ने उन्हे देख लिया और उन पर गोली चला दी। उनकी जांघ पर दो गोलियां लगी परन्तु गोली लगने से हुए घावों की परवाह न करते हुए उन्होंने तुरन्त कार्रवाई की और इससे पहले कि आतंकवादी दुबारा गोली चलाता, उन्होंने अपने एस० एल० आर० से आतंकवादी के सिर में तीन गोलियां दाग दी। आतंकवादी घटना स्थल पर ही मारा गया। मृत आतंकवादी की बाद में शिनाख्त होने पर पता चला कि वह कुलदीप सिंह था जिसकी पुलिस को दो दर्जन से अधिक हत्या के मामलों में तलाश थी।

इस मुठभेड़ में श्री दयाराम लांस नायक और श्री सुरेश प्रसाद सिंह, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 दिसम्बर, 1987 से दिया जाएगा।

सं० 98 प्रेज/89—राष्ट्रपती, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वरीता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :—

श्री सुरेन्द्र सिंह,
पुलिस उप निरीक्षक,
(सं० 136/एफ० आर०)
फिरोजपुर,
पंजाब ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

31 अक्तूबर, 1987 को जब कोट—इसे खान पुलिस चौकी के प्रभारी पुलिस उप-निरीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह ड्यूटी पर थे तो उन्होंने दिन के लगभग 1.30 बजे मार्किट में गोली चलने की अवाज सुनी । वे उपलब्ध बल और केन्द्रीय रिजर्स पुलिस बल की एक टुकड़ी के साथ घटनास्थल की ओर गए। घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि तीन स्कूटर सवार युवक कामरेड रामकिशन को गोली से खत्म करके तथा 3/4 व्यक्तियों को जख्मी करके भाग गए हैं। श्री सुरेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक ने भाग रहे उग्रवादियों का तत्काल पीछा किया। जब पुलिस दल स्कूटर के नजदीक पहुंचा तो पीछे बैठे उग्रवादी ने पुलिस पर गोली चलायी । एक गोली श्री सुरेन्द्र सिंह के पेट में दाहिनी तरफ लगी लेकिन उन्होंने पीछा करना जारी रखा और अपने दल को उग्रवादियों पर गोलियां चलाने का निर्देश दिया। पुलिस दल द्वारा प्रभावकारी गोली चलाय जाने के परिणामस्वरूप एक अभियुक्त मारा गया और स्कूटर से गिर गया। बाद में मृत उग्रवादी की शिनाख्त थाना धर्म कोट के सुखविन्दर सिंह के रूप में की गयी ।

शेष उग्रवादियों ने स्कूटर छोड़कर खेतों में भागना शुरू कर दिया और एक कोठे में मोर्चा संभाला, जिसमें ट्यूब-बैल लगा था और पीछा कर रहे पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दी । 15 मिनट तक दोनों तरफ से गोला-बारी होने के बाद एक उग्रवादी का मृत पाया गया, जिसकी बाद में जगरूप सिंह के रूप में शिनाख्त की गयी जबकि तीसरा उग्रवादी भागने में सफल हो गया ।

इस मुठभेड़ में श्री सुरेन्द्र सिंह, पुलिस उप निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली, के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 31 अक्तूबर, 1987 से दिया जाएगा।

सं० 99 प्रेज/89—राष्ट्रपती, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद :—

श्री हरेन्द्र सिंह,
लांस नायक, दसवीं बटालियन,
भारत-तिब्बत सीमा पुलिस,
मेर्थी, जिला पिथौरागढ़ ।

श्री ओम प्रकाश,
कान्स्टेबल दसवीं बटालियन,
भारत-तिब्बत सीमा पुलिस,
मेर्थी, जिला पिथौरागढ़ ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

7 जनवरी, 1989 को प्रातः लगभग 4·30 बजे, जब सेना/एस० पी० एफ० गश्ती दल के कुछ सदस्य अपने अस्थाई आवास/बंकरों में सोये हुए थे, तो बुगडियार क्षेत्र में एक भयंकर तूफान आया, जिसके साथ जबरदस्त हिमपात हुआ जिसके फलस्वरूप सेना/एस० पी० एफ० के अस्थाई आवास और बंकर ढक गए और कुछ ही क्षणों में उनमें सोए सैनिक/एस० पी० एफ० के कार्मिक बर्फ के नीचे दब गए। वे इससे बुरी तरह भयभीत हो गये और गहरी बर्फ से बाहर नहीं आसके । उस समय वहां बिजली और बादलों की

गड़गड़ाहट के साथ तेज बर्फ गिर रही थी । बर्फानी तूफान की आवाज सुनकर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस पार्टी के नेता सूबेदार पीताम्बर दत्त नींद से उठ गए और लांस नायक हरन्दर सिंह, कान्स्टेबल ओम प्रकाश तथा दल के अन्य सदस्यों के साथ घटना स्थल पर गए ताकि वे सेना/एस० पी० एफ० गश्ती दल के बर्फ में दबे और सहायता के लिए चिल्ला रहे सदस्यों को बचा सकें। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस दल के सदस्य कमर तक ऊंची बर्फ में घंटों तक लगातार बचाव कार्य करते रहे। वे सेना/एस० पी० एफ० के 6 सदस्यों को बाहर निकालने में सफल हुए। जब बचाव दल के सदस्य सेना/एस० पी० एफ० के शेष लोगों को ढूंढने में लगे हुए थे, तो अचानक उतना ही उग्र एक और बर्फानी तूफान आया और समस्त शिविर क्षेत्र बर्फ से ढक गया। इस तरह से दबे हुए शेष उन लोगों को खोजना असम्भव हो गया, जो अभी तक बर्फ के नीचे दबे हुए थे ।

स्थिति को अपने नियन्त्रण से बाहर आते हुए, सूबेदार ने जवानों को सलाह दी कि वे अपने लिए रास्ता बनाते हुए लीलम लौट जाएं। इसके पश्चात् लांस नायक हरेन्दर सिंह और कान्स्टेबल ओम प्रकाश लीलम चौकी जाकर लीलम के शिविर में एस० पी० एफ० कार्मिकों को सूचना देने के लिए तैयार हो गए। पांच दिनों तक अथक प्रयत्न करने के बाद वे लीलम स्थित एस० पी० एफ० , के शिविर में 14-1-1989 को 18.15 बजे पहुंचे और बुगडियार में हो रही तबाही के बारे में सूचित किया। सेना एस० पी० एफ० के जवान तुरन्त घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने शेष बचे हुए सैनिकों/एस० पी० एफ० और भारत तिब्बत सीमा पुलिस के घायल जवानों को, जो 7-1-1989 सहायता की प्रतीक्षा कर रहे थे, बचाया।

इस बचाव अभियान में सर्व श्री हरेन्दर सिंह, लांस नायक और ओम प्रकाश कान्सटेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली, के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैतथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 जनवरी, 1989 से दिया जाएगा।

सं० 100 प्रेज/89—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री भूपिन्दर सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल सं० 1507/एन० डब्ल्यू,
दिल्ली पुलिस ।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया

6 दिसम्बर, 1988 को जब कान्स्टेबल भूपिन्दर सिंह अपने साथी कांस्टेबल ओंकार सिंह के साथ थाना जहांगीरपुरी क्षेत्र में गश्त लगा रहे थे तो उन्होंने मदन लाल, सरदारी लाल तथा मोहन दास नामक तीन बदमाशों को स्मैक बेचते हुए देखा । कान्स्टेबल भूपिन्दर सिंह, ने उन्हें बताया कि उनके विरुद्ध स्मैक बेचने की कुछ शिकायतें हैं, इसलिए उन्हें थानेदार के समक्ष प्रस्तुत होने के लिए जहांगीरपुरी थाना चलने के लिए कहा। तीनों अभियुक्तों ने वहां जाने का प्रतिरोध किया और हाथापाई हो गई। तीनों कान्स्टेबलों ने उन पर काबू पाने की कोशिश की परन्तु इसी दौरान मदन लाल ने छुरा निकाला और भूपिन्दर सिंह की छाती में बाई ओर घुसेड़ दिया और भाग गया। अपनी चोट की परवाह किए बिना कान्स्टेबल भूपिन्दर सिंह ने लगभग 20-25 गज तक उनका पीछा करने की कोशिश की परन्तु अत्यधिक रक्त प्रवाह के कारण वे जमीन पर गिर गए। हमलावरों ने कान्स्टेबल ओंकार सिंह पर भी हमला करने की कोशिश की परन्तु उन्होंने अपने आपको लाठी के सहायता से बचा लिया और शोर मचा दिया। कान्स्टेबल ओंकार सिंह ने भी उनका पीछा किया परन्तु वे डी० डी० ए० फ्लैटों की तरफ भागे अंधेरे धेकी आड़ में बच कर भाग गये । कान्स्टेबल भूपिन्दर सिंह को हिन्दुराव अस्पताल ले जाया गया जहां घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस घटना में श्री भुपिन्दर सिंह, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली, के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 दिसम्बर, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 101-प्रेज/89—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए विशेष पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारियों का नाम तथा पद :—

श्री गुरजन्त सिंह,
हैड कान्स्टेबल (सं० 1019/एल० डी० एच०)
जिला लुधियाना,
पंजाब ।

श्री चंचल सिंह, (मरणोपरान्त)
कान्स्टेबल (सं० 2010/एल० डी० एच०),
जिला लुधियाना,
पंजाब ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :—

23 जून, 1988 की शाम को सर्वश्री गुरजन्त सिंह, हैड कान्स्टेबल, तथा चंचल सिंह, कान्स्टेबल गश्त ड्यूटी पर थे । जब वे पुलिस डिवीजन संख्या 6, लुधियाना के क्षेत्राधिकार में संगीत सिनेमा के मालिक की कोठी के सामने पहुंचे तो दो सिख युवकों ने उन पर गोलियां चलाई । दोनों पुलिस अधिकारियों ने अपनी स्टैन-गन तथा रिवाल्वर से जवाब में गोलियां चलाई । दोनों ओर से हुई गोली-बारी के परिणामस्वरूप हैड कांस्टेबल गुरजन्त सिंह को चोटें आयी तथा उन दो हमला-वरों में से एक गिर गया । दूसरा घटना स्थल से प्रताप चौक की तरफ भाग गया। घायल कान्स्टेबल चंचल सिंह ने भागते हुए आतंकवादी का पीछा किया परन्तु वे ज्यादा दूर तक नहीं जा सका । वे गिर पड़े और चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गयी । गोलियां लगने के कारण गम्भीर रूप से घायल हो जाने के कारण हैड कान्स्टेबल गुरजन्त सिंह को क्रिश्चयन मैडिकल कालेज तथा ब्राउन मेमोरियल अस्पताल, लुधियाना में लाया गया । मृत आतंकवादी की शिनाख्त करने पर मालूम हुआ कि वह थाना पायल, जिला लुधियाना का निवासी मंजीत सिंह उर्फ जीती था । वह पांच आपराधिक मामलों में अन्तर्ग्रस्त था । मृतक मंजीत सिंह के कब्जे से तीन सक्रिय तथा तीन खाली कारतूसों समेत एक 38 बोर की रिवाल्वर बरामद हुई ।

इस मुठभेड़ में श्री गुरजन्त सिंह, हैड कान्स्टेबल और श्री चंचल सिंह, कान्स्टेबल ने अदम्य शौर्य, साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत बीरता के लिए दिये, जा रहे हैं । तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23 जून 1988 से दिया जायगा ।

राजीव महर्षि, राष्ट्रपति का उप सचिव

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 अक्तूबर 1989

सं० 16(19)-पी० डी०-89—भारत सरकार एतद्द्वारा वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) की दिनांक 30 जून, 1975 की अधिसूचना संख्या 16(1)-पी० डी०-75 द्वारा उद्घोषित गैर-सरकारी भविष्य, अधिवर्षता और उपदान निधियों के लिए विशेष जमा योजना, जिसे उनके दिनांक 12-6-1985 की अधिसूचना सख्या 16(8)-पी० डी०-84 द्वारा विस्तार किया गया, में निम्नलिखित संशोधन करती है। यह संशोधन पहली जनवरी, 1990 से प्रवृत्त होगा । 6 पैरा, जिसे दिनांक 29-10-86 की अधिसूचना संख्या 16(12)-पी० डी०-86 द्वारा संशोधित किया गया, के स्थान पर निम्नलिखित पैरा प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"6. ब्याज दैनिक जमा इतिशेष पर जमा की वास्तविक तारीख से केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित दर से लगेगा ।

ब्याज प्रत्येक वर्ष पहली जनवरी को अदा किया जाएगा, लेकिन इस योजना के समाप्त होने से पूर्व जमा राशि की वापसी के मामले में, जैसा कि नीचे पैरा 9 में अनुबद्ध हैं अथवा जैसा कि नीचे के पैरा 10 में अनुबद्ध हैं, शेष अवधि का ब्याज जमा की राशि के साथ अदा किया जाएगा।

लेकिन ऊपर विनिर्दिष्ट ब्याज की दर को केन्द्रीय सरकार द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व-सूचना के बदला अथवा परिवर्तित किया जा सकता हैं, यदि भारत सरकार की राय में ऐसा परिवर्तन करना जरूरी हो। परन्तु ब्याज की दर में ऐसा कोई परिवर्तन केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में घोषित तारीख अथवा तारीखों से भावी रूप से लागू होगा।

ए० एस० राय, उप-सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 21 नवम्बर 1989

संकल्प

विषय : "राष्ट्रीय ओपन स्कूल सोसाइटी" की स्थापना।

सं० एफ० 6-2/89-यू० टी० स्कूल-3—भारत सरकार एतद्द्वारा स्कूल स्तर पर दुरस्थ तथा ओपन अध्ययन पद्धति के उपयुक्त विकास के लिए "राष्ट्रीय ओपन स्कूल सोसाइटी" स्थापित करने के संकल्प को पारित करती हैं ।

2. लक्ष्य एवं उद्देश्य

जिन लक्ष्यों एव उद्देश्यों के लिए सोसाइटी की स्थापना की गई हैं, वे इस प्रकार हैं :—

(1) सम्बन्धित सरकारों से प्राप्त अनुरोधों के प्रत्युत्तर में, देश में, स्कूल स्तर पर, दूरस्थ तथा ओपन अध्ययन पद्धति के उपयुक्त विकास के सम्बन्ध में भारत सरकार तथा राज्यों को, ठोस व्यावसायिक सलाह देना;

(2) स्कूल स्तर पर (मिडिल, माध्यमिक अथवा वरिष्ठ माध्यमिक) प्रमाणन से सम्बन्धित अथवा प्रमाणन के बगैर, सामान्य अथवा अनवरत शिक्षा के प्रयोजनार्थ, अध्ययन के पाठ्यक्रमों के व्यापक वर्णक्रम विकसित करना और निर्धारित करना अथवा प्रदान करना;

(3) व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को विकसित करना और निर्धारित करना अथवा ओपन माध्यम के छात्रों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रदान करना;

(4) मुद्रण, श्रवण तथा वीडियो सहायक सामग्रियों का प्रयोग करते हुए अध्ययन सामग्रियां विकसित करना;

(5) उन ऐजेन्सियों तथा संस्थाओं के साथ सहयोग करना जो छात्रों को अध्ययन सहायता प्रदान करने और इस प्रकार के अध्ययन सहायता केन्द्रों अथवा अध्ययन केन्द्रों को मान्यता दिलाने के लिए इच्छुक होंगी।

(6) अध्ययन सहायता अथवा अध्ययन केन्द्रों के उपयुक्त कार्यकरण की देखभाल करने के प्रयोजनार्थ क्षेत्रीय केन्द्रों की स्थापना करना;

(7) राष्ट्रीय ओपन स्कूल द्वारा विकसित अध्ययन तथा अन्य सामग्रियों को प्रकाशित करने अथवा प्रकाशित करने के प्रयोजनार्थ और मुद्रित करने के लिए;

(8) छात्रों के पंजीकरण, परीक्षाओं में बैठने की पात्रता तथा ऐसे ही अनुरूप अन्य सभी मामलों को अभिशासित करने तथा अध्यापन की उपयुक्त प्रतिपूर्ति करने के लिए आश्वयक नियमों और शर्तों को निर्धारित करना;

(9) समय-समय पर यथा संशोधित, नियमों द्वारा प्राधिकृत किए गए ऐसे शुल्क तथा अन्य प्रभार के भुगतान की मांग करना तथा उन्हें निर्धारित करना।

(10) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के प्रशासन तथा प्रबन्ध को, इसकी सभी परिसम्पत्तियों और देयताओं के साथ अपने अधिकार में लेना और इसे सोसाइटी में समाविष्ट करना;

(11) कार्मिकों, सोसाइटी के स्टाफ के प्रशासन के लिए सेवा नियमों तथा उप नियमों को बनाना, तथा स्टाफ के लिए कल्याण उपायों सहित तथा इन्हें समय-समय पर संशोधित करने के लिए सोसाइटी में निहित अनेक प्रकार्यों तथा उत्तरदायित्वों के उपयुक्त प्रबन्ध के लिए नियमों तथा उप नियमों को बनाना;

(12) ऐसे सभी विधिसंगत कार्य करना चाहे वे उपर्युक्त अधिकारों के अनरूप हों अथवा न हो, जैसे भी सोसाइटी के उद्देश्यों तथा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के प्रयोजनार्थ अपेक्षित हों।

3. सोसाइटी, सोसाइटीज पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन पंजीकृत एक स्वायत्त निकाय होगी।

4. सोसाइटी में निम्नलिखित शामिल होंगे :—

(क) राष्ट्रीय स्कूल का अध्यक्ष जिसे भारत सरकार द्वारा उन शर्तों पर नियुक्त किया जाएगा जिन्हें सरकार तय करे।

(ख) राष्ट्रीय स्कूल का उपाध्यक्ष जो निदेशक (शैक्षिक) होगा तथा उपाध्यक्ष के रूप में पदेन पदनामित होगा।

(ग) सचिव, सचिव राष्ट्रीय स्कूल जो सोसाइटी का पदेन सचिव होगा।

(घ) राष्ट्रीय स्कूल के विभागाध्यक्ष, अर्थात्
निदेशक (शैक्षिक)
सचिव (प्रशासन)
परीक्षा नियन्त्रक

(ङ) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग का मनोनीत व्यक्ति।

(च) भारत सरकार, सम्बन्धित मंत्रालय-विभाग के समेकित वित्त प्रभाग का मनोनीत व्यक्ति।

(छ) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान तथा प्रशिक्षण परिषद का एक प्रतिनिधि।

(ज) राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना और प्रशासन संस्थान का एक प्रतिनिधि।

(झ) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का एक प्रतिनिधि।

( ) तीन मनोनीत व्यक्ति जो सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय, दूरदर्शन तथा आकाशवाणी से एक-एक होगा।

(ट) महिला तथा बाल विकास विभाग का मनोनीत व्यक्ति।

(ठ) कल्याण मंत्रालय का मनोनीत व्यक्ति।

(ड) इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय ओपन विश्वविद्यालय का एक प्रतिनिधि।

(ढ़) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण का महानिदेशक अथवा मनोनीत व्यक्ति।

(ण) दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति का मनोनीत व्यक्ति।

(त) सचिव (शिक्षा), दिल्ली प्रशासन का मनोनीत व्यक्ति।

(थ) राज्यों में ओपन स्कूलों/पत्राचार स्कूलों का निदेशक/प्रतिनिधि।

(द) आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन अथवा मनोनीत व्यक्ति।

(ध) निदेशक नवोदय विद्यालय समिति अथवा मनोनीत व्यक्ति।

(न) एस० एन० डी० टी०, बम्बई के कुलपति का मनोनीत व्यक्ति।

(प) उन उद्योगों के दो प्रतिनिधि जो राष्ट्रीय स्कूल द्वारा प्रदत्त व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से सम्बद्ध हैं।

(फ) उपर्युक्त शामिल न किए गए, कार्यकारी बोर्ड के सभी सदस्य।

(ब) केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत किए जाने वाले दो विशेषज्ञ/प्रतिष्ठित शिक्षाविद।

5. सोसाइटी के सदस्य सोसाइटी की महासभा के सदस्य होंगे। सोसाइटी की भारत सरकार द्वारा दी गई निधियों द्वारा सहायता की जाएगी।

6. सोसाइटी को गुरुत्व तथा व्यावसायिक सलाह और परामर्श देने का उत्तरदायित्व महा सभा में निहित होगा। इसके अतिरिक्त, एक कार्यकारी बोर्ड होगा जिसे उप नियम बनाने तथा तैयार करने का अधिकार होगा तथा जो पूर्वोक्त प्रावधानों की व्यापकता की बिना किसी पूर्वाग्रह के निम्नलिखित उपलब्ध करा सकता है :—

(1) बजट–प्राक्कलनों को तैयार करने तथा उनकी संस्वीकृति, व्यय संस्वीकृत करना, संविदाओं को करने तथा उनके निष्पादन, सोसाइटी की निधियों का निवेश और ऐसे निवेशों की बिक्री तथा उनमें परिवर्तन और लेखे तथा लेखा–परीक्षा;

(2) विभिन्न समितियों, जो इसके द्वारा समय समय पर गठित की जायेंगी, के कार्य के अधिकारों, प्रकार्यों तथा संचालन और उनके सदस्यों की कार्यालय–अवधि को परिभाषित करना;

(3) शैक्षिक, प्रशासनिक, तकनीकी, पर्यवेक्षी अथवा सचिवालयीय जैसी विभिन्न श्रेणियों के पदों का सृजन करने के लिए तथा ऐसे पदों के लिए व्यक्तियों को चुनने और उन्हें नियुक्त करने के लिए;

(4) सोसाइटी के उपयुक्त प्रशासन तथा इसके कार्मिकों के लिए सेवा नियमों को तैयार करना जिसमें नियुक्तियों का कार्यकाल, परिलब्धियां अनुशासन, के नियम और सोसाइटी के कर्मचारियों की अन्य सेवा–शर्तों तथा सोसाइटी के सदस्यों के कल्याण के लिए उपाय और सानुषंग शामिल है;

(5) स्थापना तथा निधियों, अनुदानों और भत्तों के प्रबन्ध और उसकी रक्षापना के लिए;

(6) सोसाइटी के लिए एक मुहर (सील) का चयन करने और इसकी सुरक्षा के लिए तथा मुहर (सील) के उपयुक्त प्रयोग के लिए;

(7) सोसाइटी का कार्य पूरा करने के लिए भवनों, आहातों, फर्नीचर तथा उपकरणों और अन्य अनिवार्य उपकरण तथा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए;

(8) अन्य सभी मामलों के लिए, जो सोसाइटी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने तथा इसके कार्यों के उपयुक्त प्रशासन के लिए उपयुक्त हो सकते हैं।

आदेश

आदेश दिए जाते हैं कि संकल्प की प्रतिलिपि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिए जाते हैं कि संकल्प सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

जे० एस० राजपूत, संयुक्त शिक्षा सलाहकार

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 7th December 1989

No. 93-Pres/89.—The President is pleased to award the President's Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Bihar Police :

Name and rank of the officer

Shri Ram Nandan Sharma,
Sub-Inspector of Police,
Giridh, Bihar.

Statement of Services for which the decoration has been awarded.

